# भारतीय जनता पार्टी

## (केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

15 नवंबर 2023, बुधवार

**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा छत्तीसगढ़ के साजा (बेमेतरा), जांजगीर-चंपा और कोरबा में आयोजित विशाल जनसभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु**

**छत्तीसगढ़ में पहले चरण के चुनाव में भूपेश कका का सूपड़ा साफ हो गया है और यह तय हो गया है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने वाली है।**

********************

**भूपेश बघेल सरकार ने 5 साल में छत्तीसगढ़ को घोटालों का हब बनाने का काम किया है।**

********************

**भाजपा ने 15 साल के शासन में छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाया और भूपेश बघेल ने इसे कांग्रेस पार्टी का एटीएम बना कर रख दिया।**

********************

**छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश प्रीपेड मुख्यमंत्री है। जितनी घूस दी जाएगी, उतना ही काम करेंगे, वरना नहीं करेंगे। सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ को कांग्रेस पार्टी का एटीएम बनाने का काम भूपेश कक्का ने किया है।**

********************

**कांग्रेस हमेशा से सांप्रदायिक ताकतों के लिए वोट बैंक की शरण में जाती रही। छत्तीसगढ़ मे ना जाने कितने भुनेश्वर साहू शहीद हो गए, लेकिन बघेल सरकार के माथे पर एक शिकन तक नहीं आई।**

********************

**भूपेश सरकार में बेमेतरा 'लव-जिहाद' का केंद्र बन रहा है और साहू, लोधी, गोंड समाज की बेटियां इन जिहादियों के निशाने पर है लेकिन कांग्रेस सरकार कुंभकरण की नींद सो रही है।**

********************

**दुर्ग को रमन सिंह सरकार ने शिक्षा का केंद्र बनाया और भूपेश कक्का ने शिक्षा के केंद्र को सट्टा का केंद्र बनाने का काम किया।**

********************

**जिनकी खुद की कोई गारंटी नहीं वो कांग्रेस गारंटी बांट रही है। जबकि भाजपा के घोषणा पत्र का एक-एक शब्द प्रधानमंत्री मोदी जी की गारंटी है।**

********************

**भूपेश बघेल जी की स्तिथि ऐसी हो गयी है कि कोई उनके पास खड़े होकर महादेव-महादेव बोलता है तो उनके पसीने छूट जाते हैं**

********************

**कांग्रेस काल में छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी, भर्ती में घोटाला - घोटाले से यहां के लोग इतना त्रस्त हो गए हैं कि रायपुर में दलित युवाओं ने निर्वस्त्र होकर प्रदर्शन किया। आजादी के बाद भारत के किसी भी राज्य में ऐसा प्रदर्शन नहीं दिखा।**

*******************

**छत्तीसगढ़ में कमल फूल की सरकार बना दीजिए, 3 दिसम्बर के बाद बारी-बारी से भाजपा सरकार सभी छत्तीसगढ़ के निवासियों को अयोध्या में रामलला के दर्शन कराएगी। ये भाजपा की गारंटी है।**

*******************

**ईश्वर साहू केवल भाजपा के प्रत्याशी नहीं, बल्कि न्याय की लड़ाई के प्रतीक हैं। राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद भुवनेश्वर साहू की दिव्यंगत आत्मा को न्याय दिलाएंगे। भुनेश्वर साहू के एक-एक हत्यारे को सलाखों के पीछे भेजकर, कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी।**

*******************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज बुधवार को छत्तीसगढ़ विधान सभा चुनाव प्रचार के अंतिम दिन साजा (बेमेतरा), जांजगीर-चंपा और कोरबा में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित किया और राज्य की जनता से छत्तीसगढ़ से भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली कांग्रेस को जड़ से उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में विकास, गरीब कल्याण और सुशासन केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन वाली सरकार ही ला सकती है।

श्री शाह ने कहा कि आज भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती है। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भगवान बिरसा मुंडा जी और समस्त आदवासियों को सम्मान देते हुए आज के दिन को जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाया है। छत्तीसगढ़ में पहले चरण के चुनाव में भूपेश कका का सूपड़ा साफ हो गया है और यह तय हो गया है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने वाली है।** भुनेश्वर साहू की निर्मम हत्या का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार में भुनेश्वर साहू की निर्मम हत्या कर दी गई। **भूपेश बघेल सरकार के मंत्री व अधिकारी ईश्वर साहू जी के पास नौकरी और पैसे का चेक लेकर गए लेकिन गरीबी में होते हुए भी ईश्वर जी ने नौकरी और पैसे को ठुकरा कर बेटे भुवनेश्वर के लिए न्याय की मांग की।** ईश्वर साहू केवल भाजपा के प्रत्याशी नहीं, बल्कि न्याय की लड़ाई के प्रतीक हैं। उन्होंने जनता के सामने भुवनेश्वर साहू को न्याय दिलाने का संकल्प लिया। उन्होंने वादा किया कि राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद भुवनेश्वर साहू की दिव्यंगत आत्मा को न्याय दिलाएंगे।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **कांग्रेस हमेशा से सांप्रदायिक ताकतों के लिए वोट बैंक की शरण में जाती रही। कांग्रेस काल में इस राज्य मे ना जाने कितने भुनेश्वर साहू शहीद हो गए, लेकिन बघेल सरकार के माथे पर एक शिकन तक नहीं आई।** इतना अन्याय करने के बाद अब भूपेश कक्का की उलटी गिनती शुरू हो गई है। समय आ गया है कि छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस को जड़ से उखाड़ दे। उन्होंने छत्तीसगढ़ की जनता को आश्वस्त किया कि **भुनेश्वर साहू के एक-एक हत्यारे को सलाखों के पीछे भेजकर, कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी।** भूपेश सरकार के राज में बेमेतरा 'लव-जिहाद' का केंद्र बना, साहू, लोधी, गोंड समाज की बेटियां इन जिहादियों के निशाने पर है लेकिन **कांग्रेस सरकार कुंभकरण की नींद सो रही है। ऐसी नींद में पड़ी सरकार को जगाने का, उन्हें सच्चाई का आईना दिखाने का काम केवल जनता और जनता के वोट कर सकती है।** 17 नवंबर को अपना बहुमूल्य वोट भाजपा को देकर, सरकार बदल दीजिए। इससे आने समय में लव-जिहाद करने वाले पाखंडों की हिम्मत नहीं होगी किसी भी बेटी का जबरन धर्म परिवर्तन करने की।

श्री शाह ने कहा कि भाजपा की रमन सिंह सरकार के समय शिक्षा का केंद्र बने 'दुर्ग- संभाग' को भूपेश कक्का ने बर्बाद कर के रख दिया। सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के युवा बेहतर शिक्षा की चाह में दुर्ग आया करते थे। **दुर्ग को रमन सिंह सरकार ने शिक्षा का केंद्र बनाया और भूपेश कक्का ने शिक्षा के केंद्र को सट्टा का केंद्र बनाने का काम किया।** एक तरफ आदरणीय प्रधानमंत्री **श्री नरेन्द्र मोदी जी**

**के नेतृत्व में चांद पर चंद्रयान की सफल लैंडिंग के बिंदु का नाम 'शिव-शक्ति पॉइंट' रखा गया, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस नेताओं ने भगवान महादेव का नाम भी सट्टा लगाने जैसे गलत कामों से जोड़ दिया।** सट्टे के साथ महादेव का नाम जोड़कर भूपेश कक्का ने बहुत गलत काम किया है। छत्तीसगढ़ की युवा भी उनसे नाराज है, और इस बार ये निश्चित है कि भूपेश कक्का की उलटी गिनती शुरू हो गई है। **कांग्रेस काल में छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी, बेकारी, बीएससी भर्ती में घोटाला - घोटाले से यहां के लोग इतना त्रस्त हो गए हैं कि रायपुर में दलित युवाओं ने निर्वस्त्र होकर प्रदर्शन किया। आजादी के बाद भारत के किसी भी राज्य में ऐसा प्रदर्शन नहीं दिखा।** केवल छत्तीसगढ़ ऐसा राज्य बना जहां कांग्रेस राज से परेशान होकर युवायों को ऐसा कदम उठाना पड़ा। 3 दिसंबर को भाजपा सरकार बनने के पश्चात छत्तीसगढ़ में 1 लाख सरकारी पदों पर युवाओं की पारदर्शी भर्ती कराई जाएगी।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कांग्रेस पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस **70 साल से राम मंदिर के मुद्दे को लटका रही थी, अटका रही थी, भटका रही थी**। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र **मोदी जी ने रामलला के भव्य मंदिर का भूमि पूजन किया और 22 जनवरी 2024 को रामलाला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। राहुल बाबा रोज ताना मारते थे कि "मंदिर वहीं बनाएंगे लेकिन तिथि नहीं बताएंगे", इसलिए आज एक बार पुनः राहुल बाबा को तिथि बताने आया हूँ कि 22 जनवरी 2024 को मोदी जी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा करने वाले हैं। यहाँ की** महतारी-बहनों को अयोध्या में दर्शन करना है न, कोई खर्चा भी नहीं आएगा। छत्तीसगढ़ में कमल फूल की सरकार बना दीजिए, 3 दिसम्बर के बाद बारी-बारी से भाजपा सरकार सभी छत्तीसगढ़ के निवासियों को अयोध्या में रामलला के दर्शन कराएगी। ये भाजपा की गारंटी है।

कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस पार्टी ने हमेशा पिछड़ा समाज का अपमान करने का काम किया। आजादी के 70 साल बाद भी साहू समाज, कुर्मी समाज एवं अन्य पिछड़ा समाज को संवैधानिक मान्यता नहीं मिली। प्रधानमंत्री मोदी जी ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक मान्यता देकर उन्हें सम्मान के साथ जीने का अधिकार दिया।** मोदी जी के मंत्रिमंडल में 27 मंत्री पिछड़ा समाज से हैं, 303 सांसदों में से 100 सांसद पिछड़ा समाज से हैं, 1358 विधायकों में से 27% विधायक पिछड़ा समाज के हैं। राहुल बाबा पिछड़ा समाज को गाली देने का काम करते हैं। **आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने नीट की परीक्षा, केंद्रीय विद्यालय एवं सैनिक स्कूल में नामांकन हेतु 27% आरक्षण पिछड़ा समाज को दिया। साथ ही, पेट्रोल पम्प और गैस एजेंसियों के वितरण में भी ओबीसी समाज को 27% आरक्षण देने का काम किया। आईआईटी के अंदर ओबीसी के छात्रों को 1 लाख रुपया ग्रांट देने का काम भाजपा सरकार ने किया।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने भूपेश बघेल पर तंज कसते हुए कहा कि **भूपेश कक्का ने शराब बंदी का वादा किया था, उसे तो पूरा नहीं किया बल्कि एक्साइज घोटाले में ₹ 5 हजार करोड़ भूपेश कक्का डकार गए। भारतीय जनता पार्टी ने यह तय किया है कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार आने पर ₹500 रुपये में गैस सिलिंडर उपलब्ध कराया जाएगा और हर विवाहित महिला को हर साल ₹12 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जायेगी।** भूपेश बघेल भाजपा की देखादेखी कर कहते हैं कि 'हम भी देंगे, हम भी देंगे' किंतु जिनके पास खुद की कोई गारंटी नहीं है, वे लोग भला दूसरों को क्या गारंटी देंगे। वहीं दूसरी ओर, भाजपा का घोषणा पत्र मोदी जी की गारंटी है। मोदी जी ने जो कहा है, वह कर के दिखाएंगे। 'रेडी टू ईट' भोजन की जगह 'स्व सहायता' जुटो (समहू) को मान्यता देकर ग्रामीण महिलाओं को रोजगार देने का काम भाजपा करेगी।

श्री शाह ने कहा कि **छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश प्रीपेड मुख्यमंत्री है। जितनी घूस दी जाएगी, उतना ही काम करेंगे, वरना नहीं करेंगे। सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ को कांग्रेस पार्टी का एटीएम बनाने का काम भूपेश कक्का ने किया है। बघेल राज में यहां ढेर सारे घपले घोटाले हुए, ₹6600 करोड़ का बीडीएस घोटाला, ₹5000 करोड़ का महादेव एप घोटाला, सार्वजनिक सेवा आयोग में घोटाला, जिला खनिज निधि में ₹700 करोड़ का घोटाला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति युवाओं की फर्जी भर्ती का घोटाला। यहाँ तक कि गाय के गोबर में भी घोटाला बघेल सरकार ने किया।** भाजपा की सरकार आने के बाद जिन्होंने भी घोटाले किये होंगे, उन्हें क़ानून के दायरे में सबक सिखाया जाएगा। गरीब का पाई-पाई भ्रष्टाचारियों से वसूल जाएगा और गरीब, महतारियों के खाते में डाला जाएगा। जब छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार थी तब **रमन सिंह जे को 'चावल बाबा' के नाम से जाना जाता था। भाजपा ने हर गरीब को खाना मुहैया कराया, आदिवासी भाई- बहनों को चरण पादुकाएं दी, छत्तीसगढ़ को सिमेन्ट, एल्युमिनियम,**

**इस्पात व शिक्षा का हब बनाने का काम किया। मोदी जी की छत्तीसगढ़वासियों को गारंटी है कि हर किसान से प्रति ऐकड़, 21 क्विंटल धान, ₹3100 प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जाएगा। ₹3300 में प्रति मानक बोरा तेंदुपत्ता, ₹5500 बोनस और 15 दिन में भुगतान की गारंटी के साथ खरीदी जायेगी।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने तय किया है कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ को देश का नंबर वन राज्य बनाएंगे। सारे राज्यों के बीच एक स्पर्धा जो आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने शुरू की है, उसमें छत्तीसगढ़ भी पीछे नहीं रहेगा। जब छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार थी, तब मनरेगा में 150 दिन की रोजगारी देने वाला एकमात्र राज्य छत्तीसगढ़ था। मजदूरी करने वाली बहनों को मातृत्व अवकाश देने वाला सबसे पहला राज्य छत्तीसगढ़ था। पंचायत चुनाव में 50% माताओं को आरक्षण देने वाला पहला राज्य छत्तीसगढ़ था। नगरीय इकाइयों में आरक्षण देने वाला राज्य छत्तीसगढ़ था लेकिन **भूपेश बघेल सरकार ने 5 साल में छत्तीसगढ़ को करप्शन का हब बनाने का काम किया है।**

श्री शाह ने जनता से अपील करते हुए कहा कि **आपका वोट सिर्फ भाजपा सरकार बनाने का काम नहीं करेगा, बल्कि जनता का एक-एक वोट भुनेश्वर साहू को न्याय दिलाने का काम करेगा, कांग्रेस की तुष्टीकरण की राजनीति को सबक सिखाने का काम करेगा। इसलिए 17 तारीख को कमल के फूल का बटन दबा कर भाजपा को जिताएं, छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनाएं और 2024 में आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाएं।**

**********************